# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/03/25 – 09 ,राँची/दिनांकः 20/03/2025

## अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) – 2025
## [Engineering Entrance Competitive Examination (Lateral Entry) – 2025]
## के आयोजन से संबंधित सूचना

..............................

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राँची के पत्रांक–96 दिनांक–31.01.2025 के आलोक में झारखण्ड राज्य के राजकीय, गैर राजकीय एवं पी0पी0पी0 मोड में संचालित अभियंत्रण संस्थानों में स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में सत्र 2024–25 के तृतीय सेमेस्टर (द्वितीय वर्ष) में सीधे प्रवेश हेतु वैसे योग्य आवेदकों से, जो भारत के नागरिक होने के साथ–साथ झारखण्ड राज्य के स्थानीय/स्थायी निवासी की श्रेणी में आते हैं (संदर्भः का0प्र0सु0 तथा रा0वि0, संकल्प ज्ञापांक 7/आ0नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का॰ – 3198, दिनांक 18.04.2016 में स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र जारी करने हेतु नीति निर्धारित की गई है। सुलभ संकेत हेतु अधिसूचना की प्रति मार्ग–निर्देशिका के साथ अनुसूची–'क' में दी गई है) और निम्न अहर्त्ता धारित करते हैं, विहित प्रपत्र में Online आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

2. **शैक्षणिक योग्यता** :– Passed Minimum THREE years / TWO years (Lateral Entry) Diploma examination with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) in ANY branch of Engineering and Technology.

OR

Passed B.Sc. Degree from a recognized University as defined by UGC, with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) and passed 10+2 examination with Mathematics as a subject.

OR

Passed B.Voc/3 year D.Voc. Stream in the same or allied sector.

**नोटः**–(क) अर्हक की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी भी आवेदन–पत्र भर सकते हैं, लेकिन साक्षात्कार की तिथि के पूर्व तक उत्तीर्णता प्राप्त कर लेना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेंगे।

(ख) उपरोक्त योग्यता AICTE के Approval Process Handbook 2024-25 to 2026-27 आधारित है जिसमें शैक्षणिक वर्ष–2025–26 में AICTE द्वारा किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन किये जाने पर तदनुसार आवेदकों को तत्काल सूचित कर दिया जायेगा।

3. **अहर्त्ता, शर्तें, आरक्षण, ऑनलाईन आवेदन करने का तरीका एवं आवेदन शुल्क जमा करने का तरीका, परीक्षा का स्तर, मेधा सूची एवं अन्य से संबंधित महत्वपूर्ण** जानकारी हेतु मार्ग–निर्देशिका (Information Bulletin) का अध्ययन अवश्य कर लें, जो पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Downloads कॉलम में उपलब्ध है।

4. **अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) – 2025 से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ:–**

| क्रम सं0 | विवरणी | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि | 22.03.2025 |
| 2. | ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 16.05.2025 |
| 3. | ऑनलाईन प्रवेश–पत्र (Online Admit Card) पर्षद के वेबसाईट से डाउनलोड करने की तिथि | प्रवेश परीक्षा के 4 दिन पूर्व से |
| 4. | परीक्षा की तिथि एवं समय | **08.06.2025 (रविवार) 10.30 AM to 1.00 PM** |
| 5. | जिला मुख्यालय जहाँ प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी | **राँची** |

5. **परीक्षा शुल्क :–**

| क्रम॰ सं॰ | कोटि | दर |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य (General)/EWS/पिछड़ी जाति–I (BC – I)/पिछड़ी जाति–II (BC – II) | ₹ 900/–* |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC)/अनुसूचित जनजाति (ST)/सभी कोटि की महिला | ₹ 450/–* |
| 3. | सभी कोटि के दिव्यांगजनों को परीक्षा/आवेदन शुल्क देय नहीं होगा | ------ |
| *:- परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (non refundable) होगा। | | |

6. **परीक्षा का प्रकार** : अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) – 2025 OMR Based (Off line mode) में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न बहुविकल्पीय (Multiple Choice) प्रकार की होगी तथा प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध रहेंगे।

7. **अन्य आवश्यक सूचनाएँ:–**

- साक्षात्कार एवं सीटों की संस्थानवार/कोटिवार विवरणी संबंधी अद्यतन सूचनाओं के लिए पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के सम्पर्क में बने रहें।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

20/03/25

**(रंजीता हेम्ब्रम,** झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक